Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com

सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में सोमवार
सायं 6:53 बजे

सूर्योदय
उत्तराखण्ड में मंगलवार
सुबह 5:40 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



हल्द्वानी | वर्ष 19 अंक 60 पृष्ठ 6 मूल्य 1.00 रु. | सोमवार, 17 अगस्त 2026


# कार्यालय नगर निगम हल्द्वानी-काठगोदाम
## नैनीताल रोड, हल्द्वानी पिन कोड- 263139

(www.nagarnigamhaldwani.in) toll free no.- 8882610000, E-mail- haldwaninagarnigam@gmail.ocm दूरभाष 05946-220035

पत्रांक मैमो/विज्ञा 2026-27 दिनांक 14.08.2026

80वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

## मेरा शहर मेरी पहचान
## आओ मिलकर बनायें स्वच्छ हल्द्वानी-स्वस्थ हल्द्वानी

नगर निगम, हल्द्वानी-काठगोदाम को सुन्दर स्वच्छ बनाये जाने हेतु आम जनता से अनुरोध करती है किः-

- नगर निगम हल्द्वानी-काठगोदाम की सम्पूर्ण स्वच्छता की निगरानी बैणी सेना द्वारा की जा रही है, इस कार्य में बैंणी सेना को सहयोग करे।
- सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग ना करें।
- अपने घर एवं प्रतिष्ठान में डस्टबीन आवश्यक रूप से रखे।
- घर में उत्पन्न होने वाले गीले कूड़े का कम्पोस्ट खाद बनाएं।
- सभी होटल बैंकट हाल स्कूल एवं अन्य BWG प्रतिष्ठान में उत्पन्न होने वाले कूड़े को 4 भागों में पृथक करते हुए गीले कूड़े को स्वयं ही निस्तारित करें।
- SWM Rules-2026 के अन्तर्गत अपने घर /प्रतिष्ठान का सूखा कूड़ा, गीला कूड़ा, स्वास्थ्य अपशिष्ट कूड़ा और परिसंकटमय कूड़ा अलग-अलग करके नगर निगम हल्द्वानी-काठगोदाम के कूड़ा वाहन में ही डालें।

**कचरा अलग करें, पर्यावरण सुरक्षित करें, आने वाली पीढ़ियों का भविष्य सुरक्षित करें।**

| 1. हरा डिब्बा (गीला/जैविक कचरा) | 2. नीला डिब्बा (सूखा कचरा) | 3. काला डिब्बा (विशेष/ खतरनाक कचरा) | 4. लाल डिब्बा (सैनिटरी कचरा) |
|---|---|---|---|
| फल-सब्जियों के छिलके, सड़े हुए फल और सब्जियां, बचा भोजन, चाय पत्ती सूखे फूल, पत्ते आदि। | कागज़, गत्ता, अख़बार धातु, लकड़ी, कपड़ा, रबर, पैकेजिंग सामग्री आदि। | एक्सपायरी दवाइयाँ, बैटरी, बल्ब / ट्यूबलाइट, पेंट / केमिकल के डिब्बे, ई-वेस्ट, टूटा हुआ काँच आदि। | डायपर, सैनिटरी पैड, बैंडेज / पट्टियाँ, नैपकिन, फेस मास्क, कंडोम आदि। |




- कूड़ा वाहन का यूजर चार्ज केवल निगम द्वारा अधिकृत "बैंणी सेना" की महिला प्रतिनिधि को ही दें।
- खुले में, सड़क पर, नाली/नाले / गूल आदि स्थानों पर कूड़ा फेंकना/थूकना तथा कूड़ा जलाना SWM Rues-2026 के अनुसार कानूनी अपराध है।
- अपने घर में कूलर एवं अन्य खाली स्थानों पर एवं आस-पास में जमा पानी को साफ करायें, जिससे डेंगू से बचा जा सके।
- अपने पालतू श्वान पशु का रजिस्ट्रेशन नगर निगम हल्द्वानी-काठगोदाम में कराना सुनिश्चित करें।
- अपने आस-पास सार्वजनिक सड़कों पर अतिक्रमण न करें और न ही किसी को करने दें।

**कूड़ा वाहन न आने सफाई न होने तथा मार्ग प्रकाश सम्बन्धी शिकायत नगर निगम के टोल फ्री नं 8882610000/9410727977 पर करें।**

**नगर आयुक्त**
नगर निगम, हल्द्वानी-काठगोदाम

**महापौर**
नगर निगम, हल्द्वानी-काठगोदाम

उत्तराखण्ड शासन

जय हिन्दि!

# 80वें स्वतन्त्रता दिवस

15 अगस्त

की

हार्दिक शुभकामनाएँ



“ समस्त देशवासियों को स्वतन्त्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं। इस अवसर पर मैं स्वतन्त्रता संग्राम के नायकों व देश की सुरक्षा में शहीद हुए सैनिकों को नमन करता हूँ। आईये, इस स्वतन्त्रता दिवस पर हम सभी मिलकर उत्तराखण्ड राज्य तथा राष्ट्र के सर्वांगीण विकास के लिए संकल्पबद्ध हों। ”

**पुष्कर सिंह धामी**
मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड





“ हर देश की विकास यात्रा में एक समय ऐसा आता है जब देश खुद को नए सिरे से परिभाषित करता है। स्वतन्त्रता दिवस के इस अवसर पर हमें नये संकल्पों को आधार बनाना है, नए संकल्पों को लेकर चल पड़ना है। आइए, एक ऐसे भारत के निर्माण का संकल्प लें, जो विकसित भी हो, आत्मनिर्भर भी हो और अपनी विरासत पर गर्व भी करे। ”

**नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री

## सेवा - सुशासन - समर्पण

- राज्य में सख्त नकल विरोधी कानून हुआ लागू, जिसके बाद भर्ती प्रक्रिया में पारदर्शिता कायम होने से अब युवाओं का चयन एक से अधिक विभागों में हो रहा है।
- बीते 5 वर्षों में 34000 से अधिक युवाओं को मिली सरकारी नौकरी।
- राज्य के प्रत्येक जिले में मेडिकल कॉलेज की स्थापना का लक्ष्य
- राज्य में पहली बार राष्ट्रीय खेलों का हुआ आयोजन। 38वें राष्ट्रीय खेल में उत्तराखण्ड के खिलाड़ियों ने 103 पदक जीतकर बनाया नया रिकॉर्ड।
- हल्द्वानी में राज्य के पहले खेल विश्वविद्यालय और लोहाघाट में महिला स्पोर्ट्स कॉलेज की हो रही स्थापना।
- स्टेट स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी गौलापार एवं महिला स्पोर्ट्स कॉलेज के
- राज्य के खिलाड़ियों का दैनिक भोजन भत्ता 250 रुपए से बढ़ाकर भारतीय खेल प्राधिकरण की भांति 480 रुपए प्रतिदिन, प्रति खिलाड़ी किया गया।
- उत्तराखण्ड फिल्म नीति के तहत FTII से पासआउट युवाओं को मिली छात्रवृत्ति। पाठ्यक्रम पर हुए व्यय के अनुसार एसटी, एससी, ओबीसी को 75 प्रतिशत एवं सामान्य

निर्धारित, जिसमें वर्तमान में 5 कॉलेज संचालित हैं एवं 2 अन्य कॉलेजों का निर्माण कार्य जारी है।

- राज्य में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) की कुल संख्या वर्ष 2024-25 में बढ़कर 79394 हो गई है। जो वर्ष 2021-22 में 59798 थी।
- एमएसएमई के अंतर्गत रोजगार पाने वालों की संख्या वर्ष 2025 में बढ़कर 456605 हो गई है। जो 2022 में 343922 थी।
- राज्य में स्टार्टअप की संख्या 2024-25 में बढ़कर 1750 हो गई है। जो 2017 तक शून्य थी, और वर्ष 2021-22 में 702 थी।
- राज्य सरकार द्वारा शुरू की गई मुख्यमंत्री कौशल उन्नयन एवं वैश्विक रोजगार योजना। इस योजना का बजट बढ़ाकर ₹ 75 लाख से ₹ 3.3 करोड़ किया गया। 147 बच्चों को अब तक विदेशी भाषा का दिया गया प्रशिक्षण एवं 92 बच्चों को विभिन्न देशों में रोजगार मिला है।
- पी.एम.श्री योजना के अन्तर्गत प्रथम चरण में राज्य के 141 विद्यालयों, द्वितीय चरण में 84 विद्यालयों को चयनित किया गया।
- देश में सबसे पहले राष्ट्रीय शिक्षा नीति - 2020 लागू करने वाला राज्य बना उत्तराखण्ड।
- मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा प्रोत्साहन छात्रवृत्ति योजना की हुई शुरुआत।
- राज्य में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी को बढ़ावा देने हेतु लैब ऑन व्हील कार्यक्रम का हो रहा संचालन। सभी जिलों में खोले जा रहे विज्ञान केंद्र।
- प्रतियोगी परीक्षाओं तथा विभिन्न प्रतिष्ठित उच्च शिक्षण संस्थाओं में प्रवेश हेतु तथा योग्यता निर्धारण के लिए होने वाली परीक्षाओं (केट, मेट, गेट आदि) की तैयारी कर रहे छात्रों के लिए निःशुल्क ऑन लाईन कोचिंग हेतु मुख्यमंत्री युवा भविष्य निर्माण योजना के संचालन को मिली मंजूरी।

संचालन के लिए विभिन्न पद कैबिनेट ने किए स्वीकृत।

- नई खेल नीति के तहत राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदक विजेताओं को सरकारी नौकरी में समायोजित करने का ऐतिहासिक फैसला।
- मुख्यमंत्री खेल विकास निधि, मुख्यमंत्री खिलाड़ी प्रोत्साहन योजना, मुख्यमंत्री उदीयमान खिलाड़ी उन्नयन योजना तथा खेल किट योजना जैसी विभिन्न योजनाएं हो रही संचालित।




विकास भी, विरासत भी

अभ्यर्थियों को 50 प्रतिशत की छात्रवृत्ति प्रदान की जा रही।

- मुख्यमंत्री उदीयमान खिलाड़ी उन्नयन योजना के अंतर्गत 8 से 14 वर्ष के प्रदेश में करीब 3900 उभरते खिलाड़ियों को दी जा रही 1500 रुपये प्रतिमाह की खेल छात्रवृत्ति।
- राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं (जैसे ओलंपिक, एशियाई खेल, राष्ट्रमंडल खेल आदि) में पदक जीतने वाले या भाग लेने वाले खिलाड़ियों को राजकीय सेवाओं में 4 प्रतिशत खेल कोटे का मिलेगा लाभ।
- भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के लिये भ्रष्टाचार मुक्त एप 1064 किया लांच। 1905 सी.एम. हेल्पलाइन नंबर से जनता को मिल रही सहूलियत।
- नीति आयोग के निवेश अनुकूलता सूचकांक-2026 में उत्तराखण्ड को पर्वतीय एवं पूर्वोत्तर राज्यों की श्रेणी में प्रथम स्थान प्राप्त।
- स्वतंत्र भारत के इतिहास में समान नागरिक संहिता लागू करने वाला देश में प्रथम राज्य बना उत्तराखण्ड।
- राज्य में सशक्त भू-कानून, सख्त धर्मान्तरण विरोधी कानून एवं दंगारोधी कानून हुआ लागू।
- राज्य आंदोलनकारियों के लिए सरकारी नौकरियों में 10 प्रतिशत एवं राज्य में महिलाओं के लिए सरकारी नौकरियों में 30 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण हुआ लागू।
- राज्य में उत्तराखण्ड राज्य अल्पसंख्यक शिक्षा प्राधिकरण का हुआ गठन, इसके अंतर्गत मदरसा बोर्ड खत्म होने के बाद प्राधिकरण तय करेगा पाठ्यक्रम। यह प्राधिकरण अल्प-संख्यक शैक्षणिक संस्थानों को मान्यता प्रदान करेगा।
- शहीद सैनिकों के आश्रितों को मिलने वाली अनुग्रह राशि को 10 लाख से बढ़ाकर किया 50 लाख रुपए।
- परमवीर चक्र विजेताओं की अनुग्रह राशि 50 लाख से बढ़ाकर की गई 2 करोड़।





सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा जनहित में जारी

www.uttarainformation.gov.in | DIPR_UK | UttarakhandDIPR | UttarakhandDIPR

पूर्व प्रधान संपादकः
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल

दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी
न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापकः स्व. मुन्ना बाबू राजपूत




स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं








# हल्द्वानी विकास प्रदर्शनी की ओर से
## 80वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं


आसिफ अली


जलपरी




हल्द्वानी विकास प्रदर्शनी एक मौसमी मेला है, और हल्द्वानी की हल्द्वानी विकास प्रदर्शनी तराई की सबसे व्यस्त मेलों में से एक है। जितने दिन यह चलती है, एम.बी. ग्राउंड कपड़े, घरेलू सामान, हस्तशिल्प और खिलौने बेचने वाले स्टश्चल, खाने और चाट के काउंटर, और बच्चों के झूलों से भर जाता है। यह दिन की सैर से ज़्यादा एक शाम बिताने की जगह है। परिवार काम के बाद आते हैं, अंधेरा होते–होते गलियाँ भर जाती हैं, और खाने वाला हिस्सा देर तक खुला रहता है। अगर आप अगस्त में हल्द्वानी में हैं, तो शाम बिताने के लिए यह सबसे आसान जगह है, जो कि हल्द्वानी की गर्मियों के आखिर की बड़ी प्रदर्शनी दुर्गा सिटी सेंटर के पीछे एम.बी. ग्राउंड में लगी है। यह 1 अगस्त से 5 सितम्बर 2026 तक शहर के बीच पुराने एम.बी. इंटर ग्राउंड में रोज चलती है।





# स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं


## जी0बी0 पन्त उच्च स्थलीय प्राणी उद्यान, नैनीताल



**समस्त देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाऐं**

नैनीताल प्राणी उद्यान के वन्य प्राणी आपके स्नेह के पात्र हैं, इनकी रक्षा करना हम सब का कर्तव्य है। इन वन्य प्राणियों को अंगीकृत कर इनके संरक्षण में अपना अमूल्य सहयोग प्रदान करें।

अंगीकरण हेतु कृपया सम्पर्क करें
कार्यालय निदेशक जी0बी0 पन्त,
उच्च स्थलीय प्राणी उद्यान, नैनीताल

फोन नम्बर: 05942–237927 मोबाइल नम्बर: 9410777683
ईमेल आईडी: nainitalzoouk@gmail.com, वेब साईट: www.nainitalzoo.org.in

## कार्यालयः– प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक
## बी0डी0 पाण्डे जिला चिकित्सालय, नैनीताल

पत्रांक: विज्ञापन/2026–27–3074 | दिनांक 13.08.2026

**80वें स्वतंत्रता दिवस के पावर अवसर पर समस्त जनपदवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं**

बी0डी0 पाण्डे जिला चिकित्सालय, नैनीताल जनपदवासियों को सुलभ, गुणवत्तापूर्ण एवं आधुनिक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है।

जनसेवा के संकल्प के साथ निरंतर अग्रसर– चिकित्सालय में जनसामान्य को विभिन्न विशेषज्ञ एवं आधुनिक चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं, जिनमें–

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | 24X 7 आपातकालीन चिकित्सा सेवाएं | 5 | बाल रोग एवं मेडिसिन विशेषज्ञ सेवाएं |
| 2 | सी0टी स्कैन, एक्स–रे एवं अल्ट्रासाउंड की सुविधा | 6 | शल्य चिकित्सा एवं अन्य विशेषज्ञ चिकित्सा सेवाएं |
| 3 | कार्डियक एवं क्रिटिकल केयर संवाएं | 7 | पैथोलॉजी एवं विभिन्न आवश्यक जांच सुविधाएं |
| 4 | स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ सेवाएं | 8 | आयुष्मान भारत योजना के अन्तर्गत पात्र लाभार्थियों हेतु उपचार सुविधा |

डा0 रश्मि पन्त
मुख्य चिकित्सा अधिकारी
नैनीताल

डा0 द्रोपदी गर्ब्याल
प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक
बी0डी0 पाण्डे जिला चिकि0
नैनीताल

श्री ललित मोह रयाल
(आई0ए0एस0)
जिलाधिकारी
नैनीताल

## आई टी सी लिमिटेड
### पेपरबोर्ड्स एवं स्पेशलिटी पेपर्स डिवीजन
Enduring Value
घनश्यामधाम, लालकुआँ – 262402, जिला नैनीताल (उत्तराखण्ड)

**80वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं**

स्वतंत्रता केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण, सामाजिक उत्तरदायित्व और सतत विकास के प्रति हमारी सामूहिक प्रतिबद्धता का प्रतीक है। इस पावन अवसर पर हम उन महान स्वतंत्रता सेनानियों को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं, जिनके त्याग, संघर्ष और बलिदान से हमें स्वतंत्र भारत का गौरव प्राप्त हुआ।

1 अगस्त 2026 से सेंचुरी पल्प एंड पेपर, आईटीसी लिमिटेड परिवार का अभिन्न अंग बन चुका है। यह केवल एक व्यावसायिक परिवर्तन नहीं है, बल्कि विकास, दायित्व और सामाजिक सरोकारों की एक सशक्त यात्रा को आगे बढ़ाने का नया अध्याय है।

वर्षो से इस संस्थान ने शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला सशक्तिकरण, पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता, कौशल विकास और सामुदायिक कल्याण के क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देकर क्षेत्रीय विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। स्थानीय समुदायों के साथ विकसित हुआ यह विश्वास और सहयोग की विरासत हमारे लिए अत्यंत मूल्यवान है।

आईटीसी लिमिटेड इसी मजबूत विरासत को वृहद रूप में आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। हमारा विश्वास है कि किसी भी उद्योग की वास्तविक सफलता केवल उसके उत्पादन और आर्थिक उपलब्धियों से नहीं, बल्कि समाज, पर्यावरण और समुदाय के जीवन में लाए गए सकारात्मक परिवर्तन से मापी जाती है।

हम संकल्प लेते हैं कि भविष्य में भी शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण, जल संवर्धन, ग्रामीण विकास, महिला सशकिरण एवं सामुदायिक उत्थान के क्षेत्रों में अपनी सामाजिक उत्तरदायित्व (CSR) की पहलों को और अधिक सुदृढ़ करते हुए क्षेत्र के समग्र विकास में सक्रिय योगदान देते रहेंगे।

### हमारा संकल्प

औद्योगिक प्रगति के साथ सामाजिक समृद्धि, पर्यावरणीय संतुलन के साथ सतत विकास और समुदायों के साथ साझा खुशहाली।
आईटीसी लिमिटेड द्वारा स्थापित जनसेवा एवं विकास की गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ाते हुए समाज के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को और मजबूत बनाएगा तथा एक समावेशी, सक्षम और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में निरंतर योगदान दे रहेगा।
"हर घर तिरंगा" अभियान के माध्यम से हमारे संस्थान में राष्ट्रप्रेम का अनुपम उत्साह देखने को मिल रहा है। कर्मचारीगण पूरे हर्षोल्लास एवं गौरव के साथ सहभागिता कर तिरंगे की आन, बान और शान को सम्मानित करते हुए देशभक्ति का संदेश प्रसारित कर रहे हैं।

## कार्यालय नगर पंचायत लालकुआं, जिला– नैनीताल

पत्रांक: / न0पं0/विज्ञापन–प्रकाशन/2026–27 | दिनांक 14.08.2026

**80वें स्वतंत्रता दिवस 2026 के शुभ अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए नगर पंचायत लालकुंआँ, जिला – नैनीताल समस्त क्षेत्रवासियों से यह अपील करती हैं किः–**

1. स्वच्छता सर्वेक्षण 2024–25 में नगर पंचायत लालकुंओं के प्रथम स्थान प्राप्त करने पर समस्त नगरवासियों को हार्दिक शुभकामनाओं व स्वच्छता सर्वेक्षण 2026–27 में नगर पंचायत लालकुंओं को पुनः शीर्ष पर लाने हेतु अपना सहयोग प्रदान करते हुए ठोस अपशिष्ट नियम 2026 के निर्देशानुसार अपने घर एवं दुकान का कूड़ा चार भागो में विभाजित करते हरे डस्टबिन में गीला कूड़ा, नीले डस्टबिन में सूखा कूड़ा, लाल डस्टबिन में सैनेटरी कूड़ा एवं काले में कांच, धातु ई–वेस्ट कूडे को एकत्रित कर केवल नगर पंचायत की कूड़ा गाड़ी में ही डाले। खुले में कूड़ा फेंकने से गन्दगी फैलती है और मच्छरों एवं पशुओं द्वारा इसे फैलाने से बीमारियों की सम्भावना बढ़ती है। ऐसे व्यक्ति जिनके द्वारा गन्दगी फैलाई जाती है, उनकी सूचना नगर पंचायत लालकुंओं में दें।
2. प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवश्यकतानुसार योजना का लाभ लें। स्व रोजगार प्रारम्भ करने व पूर्व से संचालित व्यवसाय को बढाने के लिए डे–एनयूएलएम योजना का लाभ उठाये।
3. सम्मानित नागरिक होने के नाते नगर पंचायत के करों ६ दुकान किराया व यूजर चार्जेज का भुगतान समय पर करें। 4. डेंगू मच्छरों एवं जल जनित रोगों से बचाव हेतु मच्छरदानी का प्रयोग करें, फुल आस्तीन के कपडे पहने एवं बच्चों को पहनाये, कूलर का पानी नियमित बदले, पानी जमा होने वाली जगहों पर मिट्टी तेल डालें, टायरों में पानी जमा न होने दे। 5. उत्तराखण्ड सरकार द्वारा लागू समान नागरिक संहिता के अन्तर्गत 26 मार्च 2010 के बाद विवाह करने वालों को विवाह पंजीकरण कराया जाना अनिवार्य है। राज्य सरकार द्वारा वर्तमान में विवाह पंजीकरण के शुल्क में रू0 250.00 की छूट प्रदान की गयी है। अतः अतिशीघ्र अपने विवाह का पंजीकरण कराये।
6. सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग कदापि न करें।

निवेदक– निर्वाचित सदस्यगण – श्रीमती नेहा आर्या, श्री धन सिंह बिष्ट, श्री योगेश उपाध्याय, श्रीमती शबनम, श्री सुरेश शाह, श्रीमती दीपा हेमन्त पाण्डे, श्री भुवन पाण्डे, नामित सदस्यगण – श्री विनोद श्रीवास्तव, श्री गौरव कपूर, श्रीमती तारा पाण्डे एवं नगर पंचायत परिवार।

(ईश्वर सिंह रावत)
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत लालकुआं

(सुरेन्द्र सिंह लोटनी)
अध्यक्ष
नगर पंचायत लालकुआं

## News कॉर्नर

### ज्योलीकोट में दूषित पेयजल आपूर्ति से पीलिया व डायरिया के मरीज बढ़े

**नैनीताल।** जिले के भीमताल विकास खंड के ज्योलीकोट क्षेत्र में कथित दूषित पेयजल की आपूर्ति ने एक बार फि र स्वास्थ्य संकट खड़ा कर दिया है। क्षेत्र में इस बार कई पीलिया के साथ उल्टी दस्त के मामले भी सामने आए हैं। बता दें कि बीते माह जून व जुलाई माह में भी उल्टी- दस्त, गैस, अपच और डायरिया के मामलों में अचानक भारी वृद्धि हुई थी अब एक बार फि र उससे ज्यादा दिक्कत सामने आई है जब कई लोगों में पीलिया होने के मामले सामने आए हैं इससे लोगों में में हड़कंप मचा हुआ है।

# उत्तराखंड में बनेगा राज्य युवा आयोग, स्वरोजगार करे विशेष प्रोत्साहन:धामी

देहरादून
हमारे संवाददाता

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने स्वतंत्रता दिवस पर युवाओं, पूर्व सैनिकों, अग्निवीरों को स्वरोजगार में विशेष प्रोत्साहन, पट्टे या सरकारी जमीन पर लंबे समय काबिज लोगों को भूमिधरी का अधिकार देने की सौगात दी है। वहीं, पर्वतीय क्षेत्रों में विशेष औद्योगिक पार्क बनाने व बहादुर बच्चों को बाल वीरता पुरस्कार देने की घोषणा की है। परेड ग्राउंड में राज्य स्तरीय समारोह में मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड देवभूमि होने के साथ वीरभूमि भी है। देहरादून में सैन्य धाम का निर्माण किया जा रहा है। बलिदानियों के आश्रितों को मिलने वाली अनुग्रह राशि 10 लाख से ब ?ाकर 50 लाख रुपये, परमवीर चक्र



विजेताओं के परिवारों की अनुग्रह राशि 50 लाख से ब ?ाकर दो करो ? रुपये की गई है। प्रत्येक बलिदानी परिवार के एक सदस्य को सरकारी सेवा में समायोजित करने के साथ सेवारत एवं पूर्व सैनिकों को 25 लाख तक की संपत्ति खरीद पर स्टांप शुल्क में 25 प्रतिशत की छूट दी जा रही है।

समारोह में सीएम धामी ने सात बड़ी घोषणाएं कीं। उत्तराखंड में राज्य युवा आयोग की स्थापना की जाएगी। 18 से 30 वर्ष के युवाओं के लिए मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार एवं उद्यमिता प्रोत्साहन योजना शुरू करने के अलावा आईआईटी व आईआईएम जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों के सहयोग से निशुल्क उद्यमिता एवं कौशल प्रशिक्षण दिया जाएगा। उद्योग स्थापित करने के लिए बैंक ऋण की 30 प्रतिशत राशि सरकार की ओर से अनुदान के रूप में दी जाएगी। चमोली, पौ ?ा व अल्मो ?ा जिले में विशेष औद्योगिक पार्क स्थापित किए जाएंगे। सीमावर्ती ग्रामों के युवाओं, भूतपूर्व सैनिकों व अग्निवीरों को स्वरोजगार और उद्योग स्थापित करने के लिए अतिरिक्त सहायता व प्रोत्साहन दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने पट्टे व लंबे समय से कब्जे की सरकारी भूमि के विनियमितीकरण की समय सीमा का विस्तार कर भूमिधरी अधिकार देने की घोषणा भी की है। कहा, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत राज्य सरकार की हिस्सेदारी को 50 हजार से ब ?ाकर 75 हजार रुपये किया जाएगा। इसके अलावा प्रदेश के बहादुर बच्चों को सम्मानित करने के लिए इस वर्ष से बाल वीरता पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि केदारनाथ, बदरीनाथ धाम के पुनर्निर्माण, केदारखंड-मानसखंड मंदिर माला मिशन, ऋषिकेश-हरिद्वार कॉरिडोर, शारदा कॉरिडोर, हरिपुर यमुना तीर्थ पुनर्विकास एवं शीतकालीन यात्रा जैसी पहलों से प्रदेश की आध्यात्मिक विरासत के संरक्षण के साथ पर्यटन एवं अर्थव्यवस्था को नई गति मिल रही है। आगामी वर्ष हरिद्वार में आयोजित होने वाले कुंभ महापर्व में श्रद्धालुओं का नया रिकॉर्ड बनेगा।

# बिहार-बंगाल और दिल्ली में अलग-अलग हादसों में 16 की मौत

## 1 लखीसराय के अशोकधाम मंदिर में भगदड़

नई दिल्ली
एजेंसी

बिहार के लखीसराय स्थित प्रसिद्ध अशोकधाम मंदिर में सोमवार सुबह श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के बीच भगदड़ मच गई। हादसे में सात श्रद्धालुओं की मौत हो गई, जबकि कई अन्य के घायल होने की सूचना है।

बिहार के लखीसराय स्थित प्रसिद्ध अशोकधाम मंदिर में सोमवार सुबह भगदड़ मच गई। इस घटना में सात श्रद्धालुओं की मौत हो गई, जबकि कई अन्य लोगों के घायल होने की सूचना है। हादसे के बाद मंदिर परिसर में अफरा-तफरी मच गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासन की टीमें मौके पर पहुंचीं और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया।

बताया जा रहा है कि सोमवार सुबह अशोकधाम मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ के बीच भगदड़ जैसी स्थिति बन गई। देखते ही देखते परिसर में अफरा-तफरी मच गई। हादसे के बाद पुलिस और प्रशासन की टीमों ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को संभाला। घायल



श्रद्धालुओं को तत्काल इलाज के लिए नजदीकी अस्पतालों में भेजा गया है। एसडीपीओ शिवम कुमार ने बताया कि घटना में सात लोगों की मौत हुई है, जबकि कई अन्य लोग घायल हुए हैं। प्रशासन की टीमें मौके पर मौजूद हैं और पूरे घटनाक्रम की जानकारी जुटाई जा रही है।

हादसा किन परिस्थितियों में हुआ और भगदड़ जैसी स्थिति कैसे बनी, इसकी जांच की जा रही है। प्रशासन की ओर से घटना के कारणों का पता लगाने के साथ ही राहत एवं बचाव कार्य जारी है।

## 2 श्पॅ तड्ड षइ्र थङ्कॅठ्ठ इ्रठ, डॅंर् ऋउ्फ ड्प

नई दिल्ली । रघुबीर नगर इलाके में सोमवार सुबह एक इमारत की पहली मंजिल पर चार्जिंग के दौरान ई-रिक्शा की बैटरी फटने से आग लग गई।

हादसे में दो लोग झुलस गए। दोनों को उपचार के लिए रघुबीर नगर स्थित गुरु गोविंद सिंह अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इनकी पहचान 17 साल के सुफैद और 38 साल के मोहम्मद सामिद के रूप में हुई है। दमकल विभाग के मुताबिक सोमवार तड़के करीब 4.42 बजे दमकल विभाग को रघुवीर नगर के आर ब्लॉक में स्थित एक मकान में आग लगने की जानकारी मिली। सूचना मिलते ही दमकल की चार गाड़ियां मौके पर पहुंची। जांच में पता चला कि जिस इमारत में आग लगी वह चार मंजिला है। इमारत की पहली मंजिल पर ई-रिक्शा की बैटरी फटने के बाद घरेलू सामान में आग लगी थी। आग की चपेट में आने से दो लोग झुलस गए। उन्हें अस्पताल पहुंचाया गया।

## 3 पश्चिम बंगाल: बीरभूम में होटल में लगी भीषण आग

नई दिल्ली
एजेंसी

सावन के सोमवार के दिन बिहार के लखीसराय के अशोकधाम मंदिर में भगदड़ जैसी स्थिति के बाद बंगाल से भी हादसे की दर्दनाक खबर सामने आई है। बीरभूम के तारापीठ में एक होटल में लगी भीषण आग लग गई। जिसके कारण सात लोगों की मौत हो गई। कई लोगों के झुलसने की भी खबर है। पुलिस ने यह जानकारी दी।

पुलिस के अनुसार, आग सुबह करीब 5 बजे तारापीठ के मंदिर वाले इलाके में स्थित चार मंजिला होटल की पहली मंजिल पर लगी। उस समय होटल में ज्यादातर लोग सो रहे थे। आग की जानकारी मिलते ही दमकल वाहन मौके पर पहुंचे और आग पर काबू पा लिया। घायलों को रामपुरहाट सरकारी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल ले जाया गया। अस्पताल के सूत्रों ने शुरुआत में बताया था कि आग में पांच लोगों की मौत हुई है। हालांकि, बाद में पुलिस ने मृतकों की संख्या बढ़ाकर सात कर दी। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, अब मृतकों की संख्या सात हो गई है। होटल के अधिकारियों का दावा है कि आग शॉर्ट सर्किट की वजह से लगी।

कोलकाता की रहने वाली एक महिला आग से बचकर बाहर निकलने में सफल रही। उसने होटल के अंदर मची अफरा-तफरी को याद करते हुए बताया कि अचानक पूरे होटल में धुआं भर गया।

### 14 एशियाई देशों के स्केटर दून में दिखाएंगे हुनर, आज से होगी शुरू

**देहरादून।** एशिया की प्रमुख शॉर्ट ट्रैक स्पीड स्केटिंग प्रतियोगिताओं में शामिल एशियन ओपन शॉर्ट ट्रैक स्पीड स्केटिंग ट्रॉफी-2026 का आयोजन भारत और देहरादून में दूसरी बार किया जा रहा है। 17 अगस्त से शुरू होने वाली इस प्रतियोगिता में भारत समेत 14 एशियाई देशों के स्केटर अपना हुनर दिखाएंगे।

भारत लगातार दूसरी बार इस प्रतिष्ठित एशियाई प्रतियोगिता की मेजबानी कर रहा है। उधर, प्रतियोगिता के आयोजन से देहरादून की पहचान अंतरराष्ट्रीय आइस स्पोर्ट्स और शॉर्ट ट्रैक स्पीड स्केटिंग के प्रमुख केंद्र के रूप में और मजबूत होने की उम्मीद है। प्रतियोगिता से पहले रविवार को विभिन्न देशों के खिलाड़ियों ने अभ्यास किया। प्रतियोगिता में भारत समेत हांगकांग, थाईलैंड, वियतनाम, फिलीपींस, सिंगापुर, ऑस्ट्रेलिया, मंगोलिया, मलेशिया, चीनी ताइपे, इंडोनेशिया, उज्बेकिस्तान, चीन और दक्षिण कोरिया शामिल हैं। बड़ी संख्या में विदेशी खिलाड़ियों और तकनीकी अधिकारियों की मौजूदगी के चलते यह भारत में आयोजित अब तक की सबसे बड़ी शॉर्ट ट्रैक स्पीड स्केटिंग प्रतियोगिताओं में से एक होगी।

# आज भी खराब रहेगा मौसम प्रदेश के कई जिलों में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट

देहरादून
हमारे संवाददाता

मौसम विभाग ने सोमवार को देहरादून और टिहरी जिलों के कुछ स्थानों पर भारी से बहुत भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। दोनों जिलों में गरज-चमक संग आकाशीय बिजली चमकने बारिश के अत्यंत तीव्र दौर की संभावना है। कुमाऊं मंडल में मौसम का मिजाज बदल गया है।

काशीपुर, पिथौरागढ़, रुद्रपुर में सोमवार को बारिश ने दस्तक दे दी, वहीं नैनीताल में हल्की बारिश के साथ घना कोहरा छाया रहा। उत्तराखंड के कुमाऊं मंडल में मौसम का मिजाज बदल गया है। काशीपुर में सोमवार को बारिश ने दस्तक दे दी, वहीं नैनीताल में हल्की बारिश के साथ घना कोहरा छाया रहा। रुद्रपुर में तेज बारिश से जनजीवन प्रभावित हुआ, जबकि पिथौरागढ़ में भी बारिश जारी है। मौसम विभाग ने अगले कुछ घंटों के लिए सतर्क रहने की सलाह दी है। वहीं, प्रदेश के शेष जनपदों में भी कहीं-कहीं भारी बारिश होने की संभावना जताई गई है। साथ ही आकाशीय बिजली चमकने की भी आशंका है। मंडी-पठानकोट हाईवे पर पानी भरने से वाहनों की आवाजाही प्रभावित हुई। गुगली ब्रिज पर भी जलभराव के कारण वाहन रेंगते नजर आए। बडोण से बुझड़ू जाने वाला पैदल रास्ता भूस्खलन से टूट गया है। लडभड़ोल और चौंतड़ा क्षेत्रों में भी बारिश से कई जगह नुकसान हुआ है। वहीं, सरोवर नगरी नैनीताल में रविवार को सुबह से लेकर शाम तक हुई बारिश की वजह से जन जीवन प्रभावित रहा। बारिश के साथ ही कोहरा छाने से लोगों की दुश्वारियां भी बढ़ गयी।





# सेंट जोसेफ कॉलेज ने जीती नैनीताल में पांडे स्मृति फुटबाल प्रतियोगिता



नैनीताल
हमारे संवाददाता

सीआरएसटी ओल्ड बॉयज एसोसिएशन के तत्वावधान एवं द नैनीताल बैंक लिमिटेड के प्रायोजन में आयोजित 78वीं एचएन पांडे मेमोरियल स्वतंत्रता दिवस फुटबॉल टूर्नामेंट का खिताब सेंट जोसेफ कॉलेज ने अपने नाम किया। फाइनल मुकाबले में सेंट जोसेफ ने सनवाल स्कूल को एकतरफा मुकाबले में 6-0 से शिकस्त दी। टीम की जीत में मयंक सुयाल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पांच गोल दागे। फाइनल मुकाबले में रेफरी की भूमिका प्रेम बिष्ट, शेखर साह और नकुल सिंह बिष्ट ने निभाई जबकि तकनीकी रेफरी अपूर्व बिष्ट तथा चारु रहे। मुकाबले के बाद आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में नैनीताल बैंक के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुशील कुमार ने खिलाड़ियों को सममानित किया।

इससे पूर्व एसोसिएशन के अध्यक्ष जगदीश चंद्र बवाड़ी व महासचिव डॉ. मनोज सिंह बिष्ट ने अतिथियों और खिलाड़ियों का स्वागत करते हुए प्रतियोगिता के सफल आयोजन में सहयोग देने वाले सभी लोगों का आभार जताया। कार्यक्रम का संचालन प्रो. ललित तिवारी ने किया। इस विशेष मौके पर अटल उत्कृष्ट राजकीय बालिका इंटर कॉलेज के बैंड ने मधुर प्रस्तुति दी। साथ ही समारोह में सामूहिक राष्ट्रगान भी हुआ। विजेता सेंट जोसेफ कॉलेज को एचएन पांडे मेमोरियल इंडिपेंडेंस डे कप नैनीताल बैंक कप एवं रेप्लिका प्रदान की गई। उपविजेता सनवाल स्कूल को चरण दास कप, नैनीताल बैंक कप एवं रेप्लिका से सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में बिरला विद्या मंदिर ने तीसरा और लेकस इंटरनेशनल ने चौथा स्थान हासिल किया। फेयर प्ले ट्रॉफी पूर्व सैनिकों की ओर से आरएसएसएसवी निशांत को प्रदान की गई।

